Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in
प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / कुसका / 2024- 447

दिनांक 4 जुलाई 2024

# प्रेस–विज्ञप्ति

## डिप्लोमा प्रोग्राम में प्रवेश हेतु आवेदन 05 जुलाई 2024 से प्रारम्भ

वर्ष 2024 में विश्वविद्यालय परिसर के संस्कृत विभाग में (1) डिप्लोमा इन कर्मकाण्ड एवं (2) डिप्लोमा इन ज्योतिष में दिनांक 05 जुलाई 2024 से ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ किया जा रहा है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05 अगस्त 2024 को सांय 05 बजे तक है। इस प्रोग्राम में प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsuniv.ac.in से कर सकते है।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि**: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. माननीय कुलपति जी।
2. अधिष्ठाता, कला संकाय।
3. प्रभारी एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित की सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करे।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

# प्रवेश विवरणिका

**सत्र 2024-25**

## डिप्लोमा इन कर्मकाण्ड एवं डिप्लोमा इन ज्योतिष

## (Diploma in Karmkand and Diploma in jyotisha)

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि :** | **05/07/2024** |
| **ऑनलाइन आवेदन करने एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि :** | **05/08/2024** |
| **काउंसिलिंग प्रारम्भ होने की तिथि :** | **वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।** |

**महत्त्वपूर्ण निर्देश:**

1. प्रवेश मात्र उक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर ही दिया जायेगा। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी दशा में ऑफलाइन/अन्य माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकृत नहीं होंगे।

2. यह सूचना पुस्तिका/ विवरणिका अभ्यर्थियों के लिए सामान्य दिग्दर्शन मात्र है तथा समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय परिनियमों के अधीन हैं।

3. इस विवरणिका में दी गयी समस्त सूचनाएं प्रामाणिक हैं। तत्पश्चात होने वाला कोई भी परिवर्तन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गये लिंक Admission पर उपलब्ध होगी।

4. अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित कर लें कि जिस पाठ्यक्रम में वे प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं, उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु वे अर्ह है, प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता का विवरण विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर उपलब्ध है।

5. अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन भरते समय विशेष सतर्कता बरतें। अभ्यर्थी अपनी पात्रता के आधार पर पाठ्यक्रम का चयन करें। अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा उपलब्ध करायी गई समस्त सूचनाएं सत्य हैं और उनकी प्रविष्टियाँ आवेदन पत्र में सही हैं। सूच्य है कि अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचनाएं एवं आवेदन पत्र में भरी गई प्रविष्टियों को किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किया जायेगा और

विश्वविद्यालय न तो इस संदर्भ में उत्तरदायी होगा और न ही इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का आवेदन निवेदन स्वीकार करेगा।

6. **आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रू 500/- तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक कमजोर वर्ग एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए रू 300/- निर्धारित है। जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।**

7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में पत्र व्यवहार एवं सन्दर्भ हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की छायाप्रति/फ़ीस जमा करने का विवरण अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।

8. किसी भी प्रकार के विषय पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा। विश्वविद्यालय इस विवरणिका में दिए किसी भी बिन्दु में किसी भी प्रकार का संशोधन, परिवर्तन कर सकता है तथा किसी भी बिन्दु को निरस्त कर सकता है।

9. प्रवेश फार्म ऑनलाइन आवेदन किए जाने की प्रक्रिया निम्नवत होगी-

- सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.prsuniv.ac.in** पर जाएं।
- वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर Apply Diploma Admission लिंक में क्लिक करें, इसके बाद एक नया पृष्ठ खुलेगा।
- अभ्यर्थी इस पृष्ठ में दिए New Registration टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं।
- कृपया पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी अपना स्वयं का वैलिड ईमेल का प्रयोग करें। पंजीकरण के दौरान आपसे पासवर्ड का निर्माण कराया जाएगा।
- कृपया पंजीकरण के उपरांत ईमेल एवं पासवर्ड से पोर्टल में लॉगिन करें।
- अभ्यर्थी लोगों के उपरांत सर्वप्रथम अपनी प्रोफाइल को पूर्ण करें।
- ध्यान रहे एक बार प्रोफाइल लॉक हो जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।
- प्रोफाइल पूर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चयन करें। अभ्यर्थी एक पंजीकरण से अपनी योग्यता के अनुसार एक से अधिक पाठ्यक्रम चयनित कर सकता है।
- पाठ्यक्रम चयन के पश्चात विश्वविद्यालय विद्यार्थी ऑनलाइन शुल्क जमा करें। शुल्क जमा करने के बाद आवेदन सफलतापूर्वक पूर्ण माना जाएगा।
- इस बात का ध्यान रहे कि आवेदन पत्र भरते समय जब तक आप फाइनल सबमिट पर क्लिक नहीं करते, तब तक आप आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन कर सकते हैं किंतु एक बार आवेदन पत्र सबमिट हो जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।
- सफलतापूर्वक आवेदन हो जाने के पश्चात आप आवेदन पत्र को प्रिंट कर सकते हैं।
- आवेदन पत्र के प्रिंट आउट को सुरक्षित रखें।
- काउंसलिंग के समय इसे विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।
- आप लॉगिन करके भी आवेदन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं।
- भविष्य में पत्राचार हेतु कृपया पंजीकरण संख्या एवं आवेदन पत्र में अंकित मोबाइल नंबर का प्रयोग अवश्य करें।

**आरक्षण नीति एवं अधिभार :**

उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। जो वर्तमान में निम्नवत है :
प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आरक्षण का पालन किया जायेगा :

(क) अनुसूचित जाति - 21 प्रतिशत

(ख) अनुसूचित जनजाति- 02 प्रतिशत

(ग) अन्य पिछड़ा वर्ग (इसके लिए क्रीमी लेयर के अभ्यर्थी अर्ह नही हैं)- 27 प्रतिशत

(घ) आर्थिक कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु (सामान्य वर्ग से)- सम्पूर्ण अनुमन्य सीटों का 10% (सामान्य वर्ग से)

नोट : 1. उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या 1/2019/4/1/2002/का-2/19टी.सी.-11 दिनांक 18 फरवरी 2019 के क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Economically Weaker Section) के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु अनुमन्य कुल सीटों के सापेक्ष 10% सीटों पर सामान्य वर्ग की उपलब्ध सीटों के अन्तर्गत आरक्षण किया जायेगा। उदाहरणस्वरुप यदि किसी पाठ्यक्रम में 60 सीटें प्रवेश के लिए उपलब्ध हैं तो सामान्य वर्ग की 30 सीटों के अन्तर्गत 06 सीटें EWS वर्ग के लिए इस प्रकार आरक्षित की जाएंगी कि 11 सीट महिला (20% महिला आरक्षण) तथा 05 सीट पुरुष अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु उपलब्ध हो।
2. उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 5/2019/4/1/2002/का-2/2019टी. सी. 1, दिनांक 13 अगस्त, 2019 द्वारा सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थाओं (अनुदानित एवं गैर-अनुदानित) में प्रवेश के लिए 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर प्रणाली जारी की गई है। विश्वविद्यालय परिसर तथा समस्त महाविद्यालयों में इसी 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर प्रणाली के आलोक में समस्त प्रवेश सम्पन्न किए जायेंगे।

**क्षैतिज आरक्षण -**
(क) शारीरिक रूप से विकलांग (दृष्टिबाधितों हेतु 1% को सम्मिलित करते हुए)- 05 प्रतिशत
(ख) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित (पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री, प्रपौत्र/प्रपौत्री) (ग) भूतपूर्व सैनिक एवं युद्ध में शहीद, युद्ध में अपंग रक्षाकर्मी अथवा उनके पाल्य- 02 प्रतिशत
(ग) कार्यरत सैनिक एवं उनके पाल्य (पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री)- 02 प्रतिशत
(घ) महिला अभ्यर्थियों के लिए- 20 प्रतिशत

नोट: आरक्षण का लाभ मात्र उत्तर प्रदेश के मूलनिवासियों को ही प्रदान किया जाएगा। क्षैतिज आरक्षण भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों के अधीन होगा।

आरक्षण का लाभ लेने हेतु सक्षम अधिकारी का नवीनतम प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।
अधिभार -
प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार अधिभार प्रदान किया जायेगा :
(क) एन०सी०सी० "बी०" अथवा "सी०" प्रमाणपत्र धारक -2.5 प्रतिशत
(ख) उत्कृष्ट खिलाडी- 05 प्रतिशत
नोट : अधिभार का लाभ मात्र उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अधीन होगा।

**छात्रावासः** विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं हेतु छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

**प्रवेश पद्धति**

1. प्रवेश अर्हकारी परीक्षा इंटरमीडिएट की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। यदि दो अभ्यर्थियों की मेरिट समान होती है तो उन पर निम्नलिखित शर्तानुसार प्रवेश दिया जायेगा :-

अ- एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु उनके हाईस्कूल के अंको के आधार पर अधिभार दिया जायेगा फिर भी यदि मेरिट समान है तो जिसकी उम्र अधिक होगी उसको प्रवेश दिया जायेगा।

2. मेरिट हेतु किसी भी संवर्ग (कैटेगरी) तथा भारांक (वेटेज) हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।
3. गलत जानकारी देने पर अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु उनका प्रवेश अन्तिम तिथि तक उत्तीर्ण अंकतालिका प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगा।।
5. विद्यार्थी को प्रवेश के समय विश्वविद्यालय का निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क जमा करना होगा; जो विद्यार्थी के अध्ययन प्रारम्भ करने तथा सेमेस्टर/ईयर बैंक की दशा में नॉन रिफंडेबल होगा।
6. अध्ययन अन्तराल (Study Gap) की दशा में विद्यार्थी रू 10 के हलफनामा में इस विषय का शपथ पत्र देंगे कि इस अन्तराल में उनके द्वारा क्या कार्य किये गये हैं।

**काउंसलिंग (Counselling)**

काउंसलिंग से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं वेबसाइट में प्रकाशित की जाएगी। कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन निरन्तर करते रहें।

काउंसलिंग के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल अभिलेख एवं उनकी एक छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी। (इनके बिना अभ्यर्थी के प्रवेश के दावे पर विचार नहीं किया जायेगा)

डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु :

1. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट
2. हाईस्कूल का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र
3. इंटरमीडिएट का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र
4. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र
5. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
6. मूल स्थानान्तरण / माइग्रेशन प्रमाण पत्र
7. ई०डब्ल्यू०एस० प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
8. दो रंगीन छायाचित्र
9. प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क
10. अधिभार प्रमाण पत्र (यदि अपने आवेदन पत्र में पूरित किया है)

नोट : कृपया निर्धारित शुल्क काउंसलिंग के समय जमा करनी होगी। शुल्क के विवरण हेतु शुल्क तालिका का अवलोकन करें-

## पाठ्यक्रम, सीट, सेमेस्टर शुल्क एवं न्यूनतम योग्यता

| डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **विभाग** | **क्रम संख्या** | **डिप्लोमा का नाम** | **अवधि** | **सीट** | **शुल्क** | **न्यूनतम योग्यता** |
| **संस्कृत** | 1. | **डिप्लोमा इन कर्मकाण्ड** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **30** | 3000/सेमेस्टर | किसी भी विषय वर्ग में 40% (अनुसूचित जाति एवं जनजाति 35%) के साथ इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण |
| | 2. | **डिप्लोमा इन ज्योतिष** | 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) | **30** | 3000/सेमेस्टर | |

**बेबसाइट - www.prsuniv.ac.in**

**ई-मेल admission@prsuniv.ac.in**

**पाठ्यक्रम सहायक - 9911039794**

**तकनीकी सहायक (फॉर्म भरने से सम्बन्धित) - 8858233808**

**(10:00 AM to 5:00 PM, Monday to Saturday)**

**कुलसचिव**